# कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल, मुरैना (म.प्र.)

ए.बी. रोड, फारेस्ट कालोनी, मुरैना

फोन नं. 07532-234742,E-mail – dfotmorena@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./21 1875 मुरैना, दिनांक/ 25-03-2021

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,

लोक निर्माण विभाग, मुरैना।

**विषय:- शनिचरा मंदिर से बटेश्वर, पड़ावली, रिठौरा मार्ग चौड़ीकरण एवं बमूर बसई के मजरा जद्दे का पुरा से सुमावली मार्ग निर्माण में प्रभावित वन भूमि की अनुमति के संबंध में।**

संदर्भ - इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/मा.चि./919 दिनांक 16/02/2021, 921 दिनांक 16/02/2021, 1169 दिनांक 24/02/2021, 1674, 1676 दिनांक 19/03/2021।

----00----

विषयांतर्गत संदर्भ में लेख है कि शनिचरा मंदिर से बटेश्वर, पड़ावली, रिठौरा मार्ग चौड़ीकरण एवं बमूर बसई के मजरा जद्दे का पुरा से सुमावली मार्ग निर्माण में प्रभावित वन भूमि की अनुमति के संबंध में वन भूमि के व्यपवर्तन हेतु अनुमति बावत् प्रस्ताव वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुमति हेतु प्रस्ताव PARIVESH Portal पर ऑनलाइन प्राप्त हुए है।

प्रस्तावित दोनो मार्ग निर्माण में प्रभावित वन भूमि का मेरे द्वारा दिनांक 23/02/2021 को मौका स्थल निरीक्षण किये जाने हेतु आपको अवगत कराया गया था। मेरे द्वारा दिनांक 23/02/2021 को मौका स्थल निरीक्षण किया गया परंतु आप स्वयं स्थल निरीक्षण के समय उपस्थित नही हुए एवं आपके द्वारा एस.डी.ओ. पी.डब्ल्यू.डी. एवं उपयंत्री को भेजा गया। उपवनमण्डलाधिकारी स्तर के अधिकारी के साथ आपके विभाग के एस.डी.ओ. पी.डब्ल्यू.डी. एवं उपयंत्री को भेजा जाना उचित था। आपसे फोन पर मेरे द्वारा सम्पर्क किया गया परंतु आपके द्वारा फोन रिसीव नही किया गया। इस संबंध में आपको इस कार्यालय के पत्र क्र./मा.चि./21/1169 दिनांक 24/02/2021 से आप स्वयं मेरे साथ मौका स्थल पर उपस्थित रहकर निरीक्षण किये जाने हेतु पुन: सूचित किया गया था। कार्यालयीन पत्र क्र./मा.चि. 1674,1676 दिनांक 19/03/2021 से उपरोक्त मार्गो का मौका स्थल निरीक्षण हेतु दिनांक 25/03/2021 नियत की गई थी परंतु दिनांक 25/03/2021 को मुख्य वन संरक्षक वृत्त स्तर पर कैम्पा से संबंधित कार्यशाला एवं माननीय आयुक्त चम्बल संभाग मुरैना में विडियो कॉन्फ्रेन्स होने के कारण दिनांक 25/03/2021 को मौका स्थल निरीक्षण होना संभव नही हो सका।

अत: दोनो प्रस्तावित मार्गो का स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 30/03/2021 को प्रात: 09:00 बजे बमूर बसई के मजरा जद्दे का पुरा से सुमावली मार्ग का निरीक्षण किया जावेगा उसके पश्चात शनिचरा मंदिर से बटेश्वर, पड़ावली, रिठौरा मार्ग का स्थल निरीक्षण किया जावेगा अत: आप स्वयं उक्त दिनांक को मौका स्थल पर निरीक्षण किये जाने हेतु उपस्थित रहने का कष्ट करें।

वन मण्डलाधिकारी मुरैना दूरभाष:- 9424791800 ।

वन मण्डलाधिकारी
वनमण्डल मुरैना

पृ.क्र./ मा.चि./21/ 1876 मुरैना, दिनांक/ 25-03-2021

प्रतिलिपि,

1.कलेक्टर जिला मुरैना की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।

2.वन परिक्षेत्राधिकारी मुरैना/जौरा की ओर भेजकर लेख है कि आप उक्त दिनांक को मौका स्थल निरीक्षण के समय उपस्थित रहें।

वन मण्डलाधिकारी
वनमण्डल मुरैना

E:\Raghvendra\To Other Dept\General_Letters.Docx77